राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग

1737. **श्री चिनन भाई हरिभाई शुक्ल:** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग ने कहा है कि वह संपूर्ण शक्तियों के अभाव में दलितों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने में असमर्थ है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए उसे संपूर्ण शक्तियां देने हेतु कोई कदम उठाये हैं ;

(ग) क्या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग को इस संबंध में गुजरात से कोई शिकायत प्राप्त हुई है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग ने यह बताया है कि संविधान (65वां संशोधन) अधिनियम, 1990 के अनुसार यथा संशोधित संविधान के अनुच्छेद 338 के अंतर्गत अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों पर अत्याचारों की रोकथाम करना उनके कर्त्तव्यों में नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) से (ङ) मंत्रालय को गुजरात प्रदेश कांग्रेस समिति से राष्ट्रीय आयोग की संवैधानिक शक्तियों का उपयोग न किए जाने के बारे में एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था जिस पर राष्ट्रीय आयोग से टिप्पणियां मांगी गई हैं ।

उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या

1738. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1994 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों की जन-संख्या कितनी है तथा अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है ?

(ख) इन समुदायों से संबंधित क्रमश: ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने उनके विकास हेतु कोई सुव्यवस्थित कार्यक्रम नहीं बनाये हैं ;

(घ) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस प्रयोजनार्थ बनाये गये उन सुव्यवस्थित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश के संबंध में 31 जनवरी, 1994 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति हेतु जनसंख्या आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं । तथापि 1991 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण और शहरी उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा जनजाति की कुल जनसंख्या को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिये)** ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) अनुसूचित जाति के लिए विशेष संघटक योजना तथा अनसूचित जनजाति के लिए आदिवासी उपयोजना की कार्यनीति अनुसूचित जाति तथा जनजाति के समग्र विकास के लिए क्रमश: छठवीं योजना तथा